विद्यालय का नामः–...

वार्षिक परीक्षा–2022–23

विषय–हिन्दी	पूर्णांक–40	कक्षा–6	समय–2:30 घण्टे	नामः–..

भाग–अ

निर्देशः– सभी प्रश्नों का हल उतर पुस्तिका में लिखों।

–: वस्तुनिष्ठ प्रश्नः– अंक–$4X\frac{1}{2}$=2

1. यह धरती कितनी पुरानी है?

(अ) साठ हजार वर्ष (ब) करोड़ों वर्ष (स) हजारों वर्ष (द) लाखों वर्ष ( )

2. गुजरात का प्रसिद्ध दलीय गायन है–

(अ) गरबा (ब) बारहमासा (स) रसिया (द) आल्हा ( )

3. परिमाणवाचक विशेषण है–

(अ)बनारसी (ब) काला (स) चौथा (द) कुल ( )

4. मर्कट किसका पर्यायवाची शब्द है?

(अ) बन्दर (ब) हाथी (स) घोड़ा (द) कुता ( )

–:रिक्त स्थानों की पूर्ति करोः– अंक–$4X\frac{1}{2}$=2

5. चिता अब उसकी................सवारी थी। (भव्य/दिव्य)

6. मुझे प्रकृति के जादू का...............होता है। (अहसास/विश्वास)

7. आदमियों से पहले धरती पर सिर्फ......................थे। (जानवर/पहाड़)

8. वास्तविक लोकगीत देश के..............में है। (शहरों/गाँवों)

भाग–ब

–:कोई चार प्रश्नों के उतर दोः– अंक–4X2=8

1. 'लेखक ने प्रकृति के अक्षर' किसे कहा है?

2. कविता में सबसे छोटे होने की कल्पना क्यों की गई है?

3. आश्रम में कॉलेज के छात्रों से गाँधीजी ने कौन–सा काम करवाया था और क्यों?

4. भारत में बाँस कहाँ उगता है?

5. संज्ञा की परिभाषा लिखो।

6. 'मूँह में पानी आना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

–:कोई चार प्रश्नों के उतर दीजिएः– अंक–$4X2\frac{1}{2}$=10

7. प्रकृति का जादू किसे कहा गया है?

8. यह क्यों कहा गया है कि बड़ा बनकर माँ बच्चे को छलती है?

9. पाठ के आधार पर वन के मार्ग का वर्णन अपने शब्दों में करो।

10. बांस की बुनाई मानव के इतिहास में कब आरम्भ हुई होगी?

11. निजवाचक सर्वनाम किसे कहते है? उदाहरण सहित लिखिए।

12. विशेषण किसे कहते है? उदाहरण सहित लिखिए।

—:निम्नलिखित प्रश्नों के उतर दीजिए:— अंक—2X4=8

13. टिकट अलबम कहानी से क्या शिक्षा मिलती है?

अथवा

झाँसी की रानी कविता के आधार पर रानी लक्ष्मीबाई की विशेषतायें बताइये।

14. 'नौकर' पाठ से गाँधीजी के किन गुणों का पता चलता है?

अथवा

चीजें बनाने के अलावा बाँस का उपयोग किसमें होता है?

15. निम्नाकिंत अपठित गंद्याश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उतर लिखिए— अंक = 3

देश प्रेम का भाव एक पवित्र भाव है। इस पवित्र भाव से पूर्व मानव का जीवन आदर्श और अनुकरणीय होता है। देश प्रेमी व्यक्ति सदा अपने देश का हित सोचता है। वह उसे विश्व का <u>शिरोमणि</u> बना देना चाहता है। वह मनसा, वाचा, कर्मणा ऐसा व्यवहार करता है जिससे देश गौरवान्वित हो। उसे हर समय देशहित की चिंता रहती है। ऐसा देश प्रेम ही हमें <u>संकीर्ण</u> धरातल से ऊपर उठाता है।

प्रश्नः—(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्रश्नः—(ख) देश प्रेमी मानव का जीवन आदर्श और अनुकरणीय क्यों बनता है?

प्रश्नः—(ग) रेखाकिंत शब्दों का अर्थ लिखिए।

16. निम्न में से कोई एक प्रार्थना—पत्र लिखिए। अंक = 3

(क) अपने प्रधानाध्यापक जी को अवकाश के लिए प्रार्थना—पत्र लिखिए।

अथवा

(ख) अपने प्रधानाध्यापक जी को स्थानान्तरण प्रमाण—पत्र (टी0सी) प्राप्ति हेतु प्रार्थना—पत्र लिखिए।

17. निम्न में से कोई एक निबंध लिखिए। अंक = 4

(क) रंगों का त्योहार—होली

अथवा

(ख) मेरे प्रिय अध्यापक